अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जालौन

Email Add.- eeoraidiv@gmail.com, Ph. (O) 05162-258025

पत्रांक 1647 / एम–16 / 58 दिनांक 29-06-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषयः– नोडल अधिकारी, एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा दिनांक 06.05.2026 एवं 07.05.2026 को किए गए निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के निराकरण की अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य समन्वयक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 722/JJM/WQ-2/Vol-1/2025-26 (Tech) दिनांक 26.05.2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अनुपालन में विन्ध्य एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 बी0जी0सी0सी0 द्वारा जनपद जालौन में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित/निर्बाध रूप से शुद्ध जलापूर्ति हेतु नोडल अधिकारी, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा दिनांक 06.05.2026 एवं 07.05.2026 को निरीक्षण किया गया था, जिसकी अनुपालन आख्या संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(ए0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक–यथोपरि

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।

अधिशासी अभियन्ता

(ए0के0

Scanned with OKEN Scanner

क्र0 सं0	एजेन्सी का नाम	इंगित कमियां	अनुपालन आख्या
1	बी0जी0 सी0सी0	सतही जल आधारित रायपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनांतर्गत करहिया ग्राम में हो रही पेयजलापूर्ति के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विगत एक–दो माह से ही कुछ घरों में पानी की आपूर्ति हो रही है तथा कभी–कभी सप्ताह में केवल एक बार ही जलापूर्ति हो पा रही है। ग्राम निवासी श्री रमेश जी ने यह भी अवगत कराया कि गांव में सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। जगह–जगह बड़े गड्ढे होने के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि ग्राम में 190 FHTC के सापेक्ष मात्र लगभग 100 FHTC कनेक्शन ही किए गए हैं एवं फोन पर ग्राम प्रधान से वार्ता में यह भी स्पष्ट हुआ कि वर्तमान में केवल 20–30 घरों में ही पेयजल आपूर्ति हो पा रही है तथा पानी का प्रेशर अत्यंत कम है, जिससे आम नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा नियमित एवं सुचारु पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराए जाने तथा सड़क मरम्मत कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की गई।	रायपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजनांतर्गत करहिया ग्राम में अवशेष 150 मीटर पाइप लाइन बिछाए जाने हेतु 350मीटर रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किए जाने हेतु तथा ग्राम में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किए जाने हेतु खण्ड कार्यालय के पत्रांक 1319/एम–66/02 दिनांक 22.05.2026 कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी को निर्देशित किया गया है।कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी के पत्रांक 431/BGCC/Jalaun/2025-26 दिनांक 17.06.2026 के द्वारा कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है तथा एजेन्सी द्वारा योजनान्तर्गत करहिया ग्राम एवं सभी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति 30.09.2026 तक प्रारम्भ किए जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

Scanned with OKEN Scanner